बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-117
04/04/2022

मुख्यमंत्री ने वरीय छायाकार मदन कुमार के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय के जन–सम्पर्क कोषांग में कार्यरत, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के वरीय छायाकार मदन कुमार के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि मदन कुमार एक कर्तव्यनिष्ठ छायाकार थे। वे अपने कार्य के प्रति समर्पित थे। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत तौर पर दुख पहुँचा है।

मुख्यमंत्री ने दूरभाष पर स्व0 मदन कुमार के पुत्र श्री सूरज कुमार से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

******